राम विलास पासवान
RAM VILAS PASWAN

सत्यमेव जयते

उपभोक्ता मामले,
खाद्य और सार्वजनिक वितरण
मंत्री
भारत सरकार
नई दिल्ली - 110 001
MINISTER
FOR CONSUMER AFFAIRS,
FOOD & PUBLIC DISTRIBUTION
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI-110 001

अ. शा. पत्र संख्या एस-2/5/2016-ई.सी.आर.एंड ई. (पार्ट-I)
1426

29 APR 2016

प्रिय सरयू जी.

मैं, आपको पिछले वर्ष दिनांक 07.07.2015 को आवश्यक खाद्य वस्तुओं की उचित कीमतों पर पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में तैयार की गई कार्य-योजना के संदर्भ में लिख रहा हूं। दिनांक 04 जुलाई, 2014 और 07 जुलाई, 2015 को आयोजित की गई पिछली दोनों बैठकों में हमने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा आवश्यक खाद्य वस्तुओं की मूल्य वृद्धि से निपटने और उनकी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का कार्यान्वयन करने, देश भर में उचित दर की दुकानों का आद्योपांत कम्प्यूटरीकरण करने, भंडारण सुविधाओं को बढ़ाने, जमाखोरों और कालाबाजारियों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने, राज्य स्तर पर मूल्य निगरानी तंत्र को सुदृढ़ और सक्रिय बनाने, रियल टाईम आधार पर बाजार हस्तक्षेप करने, ए.पी.एम.सी. अधिनियम की पुनरीक्षा इत्यादि करने के संबंध में समयबद्ध छमाही कार्य-योजना तैयार की थी।

48/मंत्री को
10-5-16

2. इस संबंध में की गई कार्रवाई की पुनरीक्षा करने और आवश्यक खाद्य वस्तुओं की उचित दरों पर पर्याप्त उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपायों पर चर्चा किए जाने की आवश्यकता है। इस प्रयोजनार्थ राज्यों के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्रियों की अगली राष्ट्रीय परामर्शी बैठक 21 मई, 2016 को प्रातः 10 बजे विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है। इस बैठक में कीमतों और राज्य द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों तथा कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

3. मैं, आपको अपने राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के प्रभारी सचिव के साथ इस बैठक के लिए आमंत्रित करता हूं। आपके द्वारा दी गई जानकारी और भागीदारी से हम जनता और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभार्थियों के हित में समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने में सक्षम होंगे।

शुभकामनाओं सहित,

आपका,

(राम विलास पासवान)

**श्री सरयू राय**
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले मंत्री,
झारखण्ड सरकार,
कमरा नं. 406, चौथा तल,
प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा,
रांची - 834 004 (झारखण्ड)

Office : Room No. 179, Krishi Bhawan, New Delhi-110 001. ☎ 011-23070637, 23070642, Fax : 011-23386098.
Resi. : 12, Janpath, New Delhi - 110001

Scanned with OKEN Scanner